# आजादी की वर्षगांठ का मनाया जश्न, किया ध्वजारोहण

## राजधानी में स्वतंत्रता दिवस पर हुए सरकारी दफ्तरों, स्कूल-कॉलेजों में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**भोपाल, 16 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ शुक्रवार को राजधानी भोपाल में धूमधाम से मनाई गई, इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम लाल परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया था, जहां पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली. इसके अलावा शहर के सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, स्कूल, कॉलेजों में भी ध्वजारोहण किया गया. इस दौरान स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं.**

### विधानसभा अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



**भोपाल.** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने ध्वजारोहण किया और विधानसभा सुरक्षा बल (मार्शल्स) की परेड की सलामी ली. स्वतंत्रता दिवस समारोह में विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव ए.पी. सिंह, अन्य वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे. इससे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने अपने शासकीय आवास पर ध्वजारोहण किया.

### मंत्रालय परिसर में मनाया स्वतंत्रता दिवस



**भोपाल.** मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ एवं मंत्रालय सुरक्षा स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से मंत्रालय परिसर में 79 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया. मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष इंजी सुधीर नायक द्वारा ध्वजारोहण किया गया. मंत्रालय के मुख्य सुरक्षा अधिकारी अविनाश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे.



### बरकतुल्लाह विवि में कुलगुरु ने किया ध्वजारोहण

**भोपाल.** बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर कुलगुरु एसके जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया. शिक्षक, अधिकारी कर्मचारी एवं विभिन्न विभागों के विद्यार्थी उपस्थित थे. झंडा वंदना के बाद कुल गुरु ने उपस्थित सभी को शुभकामना संदेश दिया. इसके साथ ही विश्वविद्यालय की प्रगति में अपना अमूल्य योगदान देने की अपील की. इस अवसर पर कुलगुरु ने कहा कि परिसर के लोगों के प्रयास और कड़ी मेहनत के कारण ही आज बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को नैक द्वारा ए ग्रेड से नवाजा गया है. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर आप लोगों के सहयोग से प्रगति के पथ पर अग्रसर है,और वह दिन दूर नहीं जब इस विश्वविद्यालय को ए डबल प्लस से नवाजा जाएगा. उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा पीएम उषा के अंतर्गत मिले 100 करोड़ की राशि से शोध और निर्माण के कार्य जारी है. हम प्रयास करेंगे की देश के प्रतिष्ठित 100 विश्वविद्यालय में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भी शामिल हो. उन्होंने उक्त अवसर पर देशभक्ति के कुछ तराने भी सुनाएं.

### रेपिड एक्शन फोर्स का हर घर तिरंगा अभियान

नवभारत रिपोर्टर



**भोपाल.** आरएएफ (रेपिड एक्शन फोर्स) 107 बटालियन ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बटालियन के मुख्यालय में मनीष गोरख महाले, द्वितीय कमान अधिकारी ने ध्वजारोहण किया. इस मौके पर उन्होंने बटालियन के कार्मिकों एवं परिवारजनों को बधाई दी. साथ ही वीर जाबांजों के नाम सुनाए जिन्हें शौर्य चक्र, वीरता पदक, विशिष्ट सेवा पदकों से नवाजा गया. इससे पूर्व ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रोहित नगर में राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें बटालियन के अभिषेक कुमार यादव, सहायक कमांडेंट एवं जवान सम्मिलित हुए. सेवा भारती आनंद धाम (वरिष्ठ जन सेवा केंद्र, वृद्धाश्रम), में ध्वजारोहण किया. इस मौके पर राज पाल चौधरी, सहायक कमांडेंट एवं जवान सम्मिलित हुए. भारत सरकार द्वारा निर्देशित हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभक्ति से प्रेरित कार्यक्रम हुए. .

### संभागायुक्त और कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण





**भोपाल.** संभागायुक्त संजीव सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कमिश्नर कार्यालय में ध्वजारोहण किया. उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर भारत माता की जय और स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के नारे लगाए. संभागायुक्त सिंह ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं. कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने ध्वजारोहण किया. इस अवसर पर सामूहिक रूप से राष्ट्रगान हुआ. कलेक्टर सिंह ने सभी उपस्थितों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं. ध्वजारोहण के उपरांत कलेक्टर सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें एकजुट होकर देश की प्रगति और विकास में योगदान देने की प्रेरणा देता है. उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों से अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लेने का आह्वान किया. इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, स्कूली बच्चे और आम नागरिक उपस्थित रहे.

### शासकीय ठेकेदार महासंघ ने मनाया स्वतंत्रता पर्व




**भोपाल, 16 अगस्त.** शासकीय ठेकेदार महासंघ के मालवीय नगर स्थित प्रदेश कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस का मनाया गया. प्रदेश अध्यक्ष दुष्यंत शुक्ला ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी. इस अवसर पर अपने सम्बोधन में शुक्ला ने महासंघ के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को देश की एकता, अखण्डता और सम्प्रभुता को बनाये रखने का सन्देश दिया. कार्यक्रम में प्रदेश संगठन के महामंत्री मयंक सराठे, प्रदेश सचिव रविन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश सचिव पुनित भटनागर, प्रदेश मीडिया प्रभारी पंकज सोनी और सह मीडिया प्रभारी ममनून ताज सहित महासंघ के अन्य सदस्य मौजूद रहे. समारोह के बाद विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें सभी लोग उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए.



### पुलिस आयुक्त ने ध्वजारोहण कर दी सलामी

**भोपाल.** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने आयुक्त कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी. इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी, पुलिस उपायुक्त श्रद्धा तिवारी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मंजू लता खत्री एवं कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.



## एमसीयू में सौ साल पुरानी खबरों की लगी प्रदर्शनी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 16 अगस्त. माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय में नए सत्र में हिस्ट्री इन हैडलाइंस 100 साल 100 सुर्खियां विषय पर प्रदर्शनी की शुरुआत हुई.**

इस प्रदर्शनी में पिछले सौ साल में देश में हुई बड़ी घटनाओं के सौ फ्रं पेज प्रदर्शित किए गए हैं. जिसमें जालियावाला बाग, भगतसिंह की फांसी, 15 अगस्त 1947 से लेकर अब तक के दुर्लभ जानकारियों का संग्रह प्रस्तुत किया गया है. कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रसिद्ध चिंतक एवं ऑर्गेनाइजर के संपादक प्रफुल्ल केतकर, प्रदेश के चुनाव आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी और दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के निदेशक डॉ मुकेश मिश्र रहे मौजूद रहे. विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने बताया कि इस प्रदर्शनी में 1920 से 2024 तक के प्रमुख समाचार पत्रों के 3 फीट आकार के फ्रंट पेज पूर्णत-पठनीय हैं. प्रदर्शनी में ब्रिटिश भारत में स्वाधीनता संघर्ष की घटनाओं सहित स्वाधीन भारत की प्रमुख घटनाओं जैसे 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता प्राप्ति, गांधी जी की हत्या, भारत चीन युद्ध, भारत का चांद पर पहुंचना, आपातकाल जैसी महत्वपूर्ण सुर्खियों को प्रस्तुत किया गया है.

अतिथि प्रफुल्ल केतकर ने कहा कि यह 100 साल के 100 अखबारों के मुखपृष्ठ ही नहीं, बल्कि भारतीय पत्रकारिता का जीता जागता इतिहास है और पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए इसे जानना बहुत आवश्यक है.

### भाजपा मण्डल महामंत्री ने रोपा पौधा

**मण्डीदीप.** औद्योगिक नगर में भारतीय जनता पार्टी के मण्डल महामंत्री अमित जैन एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया. उन्होंने अपनी मां की पुण्यतिथि के अवसर पर यह पौधारोपण किया. उन्होंने कहा, यह पहल मातृभूमि और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है. इसका उद्देश्य मां के नाम पर पेड़ लगाकर स्थायी स्मृति बनाना है. इससे पर्यावरण की रक्षा होगी. हरित और समृद्ध भविष्य की दिशा में यह एक कदम है. यह सिर्फ पर्यावरण सुधार का प्रयास नहीं, बल्कि 'मातृत्व और जीवन के प्रति एक संवेदनशील श्रद्धांजलि' भी है. उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई हर जनकल्याणकारी योजना को जमीनी स्तर पर सफल बनाना मेरा 'नैतिक कर्तव्य' है.उन्होने कहा कि मेरा मकसद समाज सेवा है, राजनीति नहीं.यह अभियान प्रकृति, मातृत्व और स्वास्थ्य को समर्पित है.

## मेंगरा कलां में दिया पानी की जांच का प्रशिक्षण

**बैरसिया, 16 अगस्त. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम ने शुक्रवार को ग्राम मेंगरा कला में हर घर स्वच्छता अभियान के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं एवं सरपंच सचिव ओर पंच जनप्रतिनिधियों सहित आंगनवाड़ी, आशा कार्यकर्ता व स्वसहायता समूह सदस्यों को फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से पानी की जांच करने का प्रशिक्षण दिया.**



साथ ही किट द्वारा पानी की जांच करना बताया और ग्राम पंचायत को फील्ड टेस्ट किट भी उपलब्ध कराई. इसके बाद नल जल योजना की टंकी ओर जलस्त्रोतों के आसपास अभियान चला साफ सफाई की. पीएचई के सहायक यंत्री देवेंद्र सिंह ने स्कूली छात्र छात्राओं को पेयजल एवं स्वच्छता के प्रति जागरुकता के लिए रंगोली, ड्राइंग मेहंदी आदि प्रतियोगिता आयोजित कर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया.

## गुरुकुल कॉलेज में नए विद्यार्थियों का स्वागत

**बैरसिया, 16 अगस्त. गुरुकुल महाविद्यालय बैरसिया में भारत विभाजन विभीषिका स्मृति के अवसर 15 अगस्त पर राष्ट्रव्यापी विचार एवं परामर्श सम्मलेन का आयोजन किया.**



कार्यक्रम में मुख्यवक्ता सेवानिवृत्त न्यायाधीश,रोहित आर्य, क्षेत्रीय विधायक विष्णुखत्री एवं जिलाध्यक्ष भाजपा तीरथ सिंह मीणा शामिल थे. महाविद्यालय के डायरेक्टर चौहान सिंह मीणा ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव पर राष्ट्व्यापी विचार परामर्श सम्मेलन में विद्यार्थियों को मुख्यवक्ताओं का मार्गदर्शन मिला. इसके बाद सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरण और नए छात्र छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर किया. कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती की पूजा अर्चना उपरांत हुआ. कॉलेज के डायरेक्टर मीणा द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया.

### मैनिट में रैगिंग के खिलाफ विद्यार्थियों को किया जागरूक

**भोपाल, 16 अगस्त.** मैनिट परिसर में एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया जा रहा है. जो 18 अगस्त तक चलेगा . पहले दिन सभी संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों ने परिसर के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान से रैगिंग को खत्म करने करने का संकल्प लिया है. संस्थान के निदेशक, प्रो. के.के. शुक्ला ने इस बात पर जोर दिया कि मैनिट रैगिंग के प्रति जीरो टॉलरेंस रखता है उन्होंने यह भी कहा कि परिसर में कई प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर आदि लगाये गए हैं. और रैगिंग के खिलाफ सशक्त जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है.


**नाम परिवर्तन**

REHANA SULTAN W/O MOHD ATEEQ आयु व्यस्क निवासी: 23 गली न 2 मंगलवारा रोड नियर मस्जिद बाजोड़ियाँ छावनी भोपाल मेरे पासपोर्ट में पहले मेरे पति का नाम MOHAMMED ATEEQUE दर्ज था जो की बदल कर मेरे पति का नाम MOHD ATEEQ हो गया है अब मेरे दस्तावेज में मेरे पति का नाम यही है अब इसी नाम से जाना व पेहचाना जायगा आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वादविवाद होता है तो इसकी जिम्मेदार स्वयं में रहूँगी।

**WANTED ENGINEERS**

WANTED ENGINEERS. A company requires Apprentice Mechanical Engineers and Mechanical Engineers with 1 – 2 years experience in Production and Quality Assurance for their plants in Pune. Call 7600842387 or send resume at khushbugupta.hr@gmail.com

**नाम परिवर्तन**

मैं खुशबू खत्री पत्नी किशोर खत्री, आयु वयस्क, निवासी- रायसेन (म.प्र.) की हूँ. मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरा शादी के पूर्व मेरा नाम खुशबू किरार पिता श्री महेश किरार था. वास्तविक नाम अब जो कि मेरी शादी उपरांत खुशबू खत्री (Khushboo Khatri) पत्नी किशोर खत्री हो गया है, जो कि सत्य व सही है एवं दस्तावेजों में भी मेरा नाम खुशबू खत्री (Khushboo Khatri) से जाना जावे. इसी नाम से जानी व पहचानी जाती हूँ.

**पुराना नाम :-** खुशबू किरार

**नया नाम :-** खुशबू खत्री पत्नी किशोर खत्री, आयु वयस्क, निवासी- रायसेन म.प्र.

कार्यालय नगरपरिषद, अंबाजोगाई
जा.क्र.5025, दि. 13/08/2025

**नगरपरिषद अंबाजोगाई**

**ई-निविदा क्र. ०२ बा. वि/२०२५-२६**

अंबाजोगाई नगरनिगम की ओर से महाराष्ट्र सुवर्ण जयंती नगरोत्थान महाभियान (जिल्हास्तर) योजना के तहत ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यमसे दि. 18/08/2025 निम्नलिखित www.mahatenders.gov.in वेबसाईटपर निविदा सूचना प्रकाशित की गाई है. निविदा से संबंधित महत्त्वपूर्ण सूचनाए वेबसाईटपर प्रकाशित की गई है. इच्छूक निविदाधारक दि. 25/08/2025, 17.00 बजे तक निविदा देखी, डाऊनलोड एवं भर सकते है.

स्वाक्षरित/-
मुख्याधिकारी, नगरपरिषद अंबाजोगाई

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर निम्नलिखित कार्यो के लिए ई- निविदाएँ आमंत्रित की जाती है- **निविदा संख्याः** विद्युत-सा-भो-नि-44-2025, **कार्य का नामः** भोपाल मंडल:- मेसर्स शिबालिक एलिवेटर्स द्वारा अस्पताल, निशातपुरा, भोपाल में उपलब्ध कराए गए स्ट्रेचर लिफ्ट (ग्राउंड+1 फ्लोर) का तीन साल के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 36 माह, **अनुमानित लागत रु.:** 773280.00, **अग्रिम राशि रु.:** 15500.00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 29/08/2025 11:00 Hrs., **निविदा संख्याः** विद्युत-सा-भो-नि-45-2025, **कार्य का नामः** भाग (ए): निशातपुरा स्टेशन पर त्वरित जल व्यवस्था का प्रावधान भाग (बी): हबीबगंज-नई टाइप- V कॉलोनी में 50 KL का नया ओवर हेड टेंक और पंप हाउस का प्रावधान भाग (सी): भोपाल- नगर निगम प्लेटफार्म क्रमांक 6 से नए फिल्टर प्लांट तक नई पाइपलाइन उपलब्ध कराना कमला पार्क इंटेक वेल में स्टजिंग सुधार (विद्‌युत कार्य), **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 06 माह, **अनुमानित लागत रु.:** 12955578.38, **अग्रिम राशि रु.:** 214800.00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 02/09/2025 11:00 Hrs., **निविदा संख्याः** विद्युत-सा-भो-नि-46-2025, **कार्य का नामः** भोपाल मंडलः अमृत भारत स्टेशनों पर 27 लिफ्ट का प्रवधान, जिसमें 2 वर्ष की वारंटी के बाद 5 वर्ष की CAMC शामिल है। (i) मास्टर प्लान के अनुसार अमृत स्टेशनों पर 5 लिफ्ट का प्रावधान CAMC के साथ (गंजबसौदा-1, विदिशा - 3 और सांची-1 ) 1 (ii) मास्टर प्लान के अनंसार अमृत स्टेशनों पर 10 मिनिट का प्रवधान CAMC के साथ (RTA-3, BRRG-1, SFY-2, GUNA-1, SVPL-1 & ASKN2) 1 (iii) मास्टर प्लान के अनुसार अमृत पर 12 लिफ्ट का प्रावधान CAMC के साथ स्टेशनों (खिरकिया-2, इटारसी-7, नर्मदापुरम-2, और हरदा-1), **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 09 माह, **अनुमानित लागत रु.:** 130047571.84, **अग्रिम राशि रु.:** 800200.00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 05/09/11:00 Hrs., **निविदा संख्याः** विद्युत-सा-भो-नि-47-2025, **कार्य का नामः** भोपाल मंडलः अमृत भारत स्टेशनों पर 11 Nos. एसकेलेटर का प्रवधान, जिसमें 2 वर्ष की वारंटी के बाद 5 वर्ष की CAMC शामिल है। (विद्युत कार्य+सिविल कार्य) (i) अमृत स्टेशनो पर 08 एस्केलेटर का प्रवधान (विदिशा-4, संत हिरदाराम नगर-4 (ii) हरदा अमृत स्टेशनों पर 3 एस्केलेटर का प्रवधान, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 09 माह, **अनुमानित लागत रु.:** 118074271.64, **अग्रिम राशि रु.:** 740400.00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 05/09/11:00 Hrs., **निविदा संख्याः** विद्युत-सा-भो-नि-48-2025, **कार्य का नामः** भाग (क)"इटारसी-इटारसी में ROH शेड में सुधार (विद्युत कार्य)" का शेष कार्य। भाग (ख) हबीबगंज कॉलोनी- हबीबगंज कॉलोनी में 500 KLD क्षमता वाले STP/WRP का प्रवधान (विद्युत कार्य)। भाग- (ग) ATC परिसर में CBT हॉल के भूतल में वातानुकूल का प्रवधान (विद्युत कार्य) भाग- (घ) कार्यालयों SSE/Sig/Main/BPL, (विद्यृत कार्य) के साथ-साथ केंद्रीकृत स्टोर भवन SSE/Sig/Main/BPL के निर्माण द्वारा विज्ञान एवं प्रोद्‌योगिकी अवसंरचना का आधुनिकीकरण, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 04 माह, **अनुमानित लागत रु.:** 4378358.72, **अग्रिम राशि रु.:** 87600.00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 04/09/11:00 Hrs., संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। निविदा/ निविदायें हेतु मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं है तथा ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उसे मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में आवश्यक संशोधन यदि लागू हो तो बेवसाइट पर लोड कर दिया जायेगा तथा ऐसे संशोधन कार्यलय के नोटिस बोर्ड पर भी लगायेगें जिसे निविदा बंद होने के समय तक देखा जा सकता हैं ठेकेदार को निविदा में भाग लेने की पात्रता जानने के लिए एवं निविदा के साथ संलग्न करने दस्तावेज जानने के लिए IREPS पर अपलोड किए गए सभी निविदा दस्तावेजों को सभी शर्तो के साथ ध्यानपूर्ण पढ़ना चाहिए। प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों आदि को ही निविदा को अंतिम रुप देने के लिए विचार किया जाएगा।

(हस्ता)
कृते. वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

We have received sanctions for providing employment for the following Project Affected Persons (PAPs) of Sohagpur Area against the land acquired by the Company in Rampur Villages for Rampur-Batura OC Khannadh Village for Khairha UG: (Belongs to Shahdol District).

| Sl. | Name of PAPs (S/Sri/Smt.) | Sanction letter No. and date |
|---|---|---|
| 1 | Mevalal Rathour S/o Gayaprasad Rathour | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2025 : R: E - 1506435: 610 Dtd. 15.06.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). |
| 2 | Deepu Rathour S/o Sethelal Rathour | -Do- |
| 3 | Virendra Kumar Patel S/o Kuntali Patel | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2025 : R: E - 1763821: 520 Dtd. 04.06.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). |
| 4 | Prabhu Dhyanu Patel S/o Kuntali Patel | -Do- |
| 5 | Ajay Kumar Patel S/o Dileep Kumar Patel | |
| 6 | Shashi Bhushan Tripathi S/o Chandrabhushan Tripathi | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2025 : R: E - 1687233: 1781 Dtd. 04.01.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). |
| 7 | Nandlal Sharma S/o Chandra Dutta Sharma | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2024: E-1877974:888 Dtd. 25.07.2025 issued by Manager (P/Manpower),SECL, Bilaspur (CG). |
| 8 | Mrinali Sharma D/o Chandra Dutta Sharma | -Do- |
| 9 | Deenbandhu Patel S/o Hanuman Prasad Patel | -Do- |
| 10 | Rajendra Prasad Patel S/o Gulab Chandra Patel | L.No. SECL: BSP: MP: LAND:SGP:2025-26:E - 1875480 : 889 Dtd. 25.07.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). |
| 11 | Dharmendra Kumar Patel S/o Ram Mitra Patel | -Do- |
| 12 | Ratan Patel S/o Kamalnarayan Patel | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2024: E - 1882374 : 890 Dtd. 25.07.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). |
| 13 | Rahul Patel S/o Vijaylal Patel | -Do- |
| 14 | Pushpendra Kumar Patel S/o Balmeek Patel | -Do- |
| 15 | Dhruv Kumar Patel S/o Vinod Patel | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2024 : E - 1875468 : 891 Dtd. 25.07.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). |
| 16 | Mohammad Raza S/o Mohammad Hamid | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2024 : E - 1776430 : 762 Dtd. 07/08.07.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). |

The verification report has already been received from SDO (Rev.), Shahdol (MP) in respect of the above Project Affected Persons.

Accordingly, Management Representative of Sohagpur Area consulted to Principal, Govt. Nehru P.G. College Distt. Shahdol (MP) who has fixed up the date of interview on 18/08/2025. The interview will be held in **R.C. Club SECL Sohagpur Area on 18/08/2025 at 10.30 AM**.

Similarly the project / village belongs to Anuppur District (MP), the interview date has been scheduled on **20-08-2025 at R.C. Club SECL Sohagpur Area**. The details of these cases is as under

| Sl. | Name of PAPs (S/Sri/Smt.) | Sanction letter No. and date |
|---|---|---|
| 1 | Shyamlal S/.o Ramjiyawan Paw | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2025 : R: E - 1873476: 764 Dtd. 07/08.07.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). |
| 2 | Kajal Paw D/o Shyamlal Paw (Minor) | -Do- |
| 3 | Ranibai D/o Heeralal Mahra (W/o Lallu Mahra) | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2025 : R: E - 1719779: 765 Dtd. 07/08.07.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). |
| 4 | Buddhsen S/o Heeralal Mahra | -Do- |
| 5 | Jivan Singh S/o Suraj Singh | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2025 : R: E - 1612192: 519 Dtd. 04.06.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). |
| 6 | Mahesh Singh S/o Suraj Singh | -Do- |
| 7 | Amit Singh S/o Lushan Singh | -Do- |
| 8 | Poonam Singh D/o Hemraj Singh | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2025 : R: E - 1336257: 1778 Dtd. 04.01.2025 issued by Manager (P/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). |

As per terms & conditions communicated by the Company Secretary, SECL, Bilaspur, at Point No. 11, it is instructed that notice for interview/selection is also to be published in the newspaper so that if there is any complaint or chance of impersonation is defeated, and full transparency is maintained.

**SO (HR),**
**SECL, Sohagpur Area**